11:42 AM

Adobe Scan Dec 18, 2023

स्टार्टअप की नीतियां युवाओं के लिए आसान : गोयल

फरीदाबाद, **वरिष्ठ संवाददाता**। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। अब जल्द ही पांच ट्रिलियन इकोनामी भी बन जाएगा।

विपुल गोयल ने कहा कि आज दुनिया भर में स्टार्टअप कंपनी के मामले में हम चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं और देश के टायर 2 शहरों में सबसे ज्यादा स्टार्टअप लग रहे हैं। इससे दिखाता है कि देश का युवा अब स्वरोजगार की तरफ जा रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के जरिए हरियाणा और देश भर में जिस तरह का काम मोदी सरकार और बीजेपी की राज्य सरकारों ने किया है उसकी वजह से देश के लघु उद्योगों को एक नई संजीवनी मिली है। उन्होंने कहा कि 2047 तक हमें विकसित भारत बनाना है। तो जरूरी है कि नौकरी पाने की बजाए हम नौकरी देने की दिशा में आगे बढ़े। जितने ज्यादा स्टार्टअप देश में आएंगे जितनी कंपनियां आगे बढ़ेगी उतने ही रोजगार पैदा होंगे।

- **पूर्व मंत्री ने वार्षिकोत्सव में संबोधित किया**
- **देश का युवा अब रोजगार की तरफ जा रहा**

Rename Edit Bookmark Share More